मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-96
02/03/2024

मुख्यमंत्री ने बिहार दौरे पर आये प्रधानमंत्री का गया अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर किया स्वागत, पटना के जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दी सादर विदाई

पटना, 02 मार्च 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बिहार दौरे पर आये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का गया अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पुष्प भेंटकर हार्दिक स्वागत किया। उसके पश्चात् मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री के साथ औरंगाबाद एवं बेगूसराय में आयोजित कार्यक्रम में साथ रहे।

कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात् नई दिल्ली रवाना होने से पहले पटना के जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को सादर विदा किया।

इस अवसर पर राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******